पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# माह जून में आबकारी विभाग ने 4458.22 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया

## प्रथम तिमाही माह में 14229 करोड़ रुपये लगभग 98.8 प्रतिशत राजस्व प्राप्त करने में सफलता

—श्री नितिन अग्रवाल

लखनऊ : 03 जुलाई, 2025

प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह जून, 2025 में आबकारी विभाग ने 4458.22 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया है, जो गत वर्ष इसी माह में अर्जित किये 3431.20 करोड़ रुपये राजस्व के सापेक्ष 1027.02 करोड़ रुपये अर्थात लगभग 30 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि माह अप्रैल—जून तक तिमाही माह में 14400 करोड़ रुपये निर्धारित राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष 14229 करोड़ रुपये लगभग 98.8 प्रतिशत राजस्व प्राप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है, जो गत वित्तीय वर्ष 2024—25 में इसी अवधि अर्जित राजस्व 11783.76 करोड़ रुपये की तुलना में 2445 करोड़ रुपये लगभग 20 प्रतिशत से अधिक है।

आबकारी मंत्री जी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025—26 में माह जून, 2025 तक प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिकी एवं तस्करी के कुल 29,784 अभियोग दर्ज करते हुए 7.72 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गयी। अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त 5,559 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 1,075 व्यक्तियों को जेल भेजा गया तथा अवैध मदिरा की तस्करी में संलिप्त 35 वाहनों को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि गत वित्तीय वर्ष 2024—25 में माह जून, 2025 तक प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिकी एवं तस्करी के कुल 27,276 अभियोग दर्ज करते हुए 7.38 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गयी थी। अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त 6,426 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 2,062 व्यक्तियों को जेल भेजा गया था तथा अवैध मदिरा की तस्करी में संलिप्त 50 वाहनों को जब्त किया गया था।

आबकारी मंत्री जी ने बताया कि वर्ष 2025—26 में दिनांक 06.06.2025 से 20.06.2025 तक 15 दिवस का विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत 5,079 अभियोग दर्ज करते हुए 1,42,401 ली. अवैध शराब बरामद की गयी। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त 924 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 189 अभियुक्तों को जेल भेजा गया। मदिरा के परिवहन में संलिप्त कुल 03 वाहन जब्त किये गये।

---

सम्पर्क सूत्र— अमित यादव

राम यतन / 03:00 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522—2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522—2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522—2237230 0522—2239586 ई—मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in